## सार-समाचार

### व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कपासन**, (निसं)। एसडीएम राजेश सुवालका ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया इस दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सोमवार को रात्रिकालीन के दौरान एसडीएम राजेश सुवालका ने नगर पालिका कपासन द्वारा संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर जरूरतमंद लोगों के सोने, ठहरने व पेयजल व्यस्था एवं सर्दी से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए जायजा लिया साथ जरूरतमंदो के लिए सर्दी से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था निरंतर रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशन पर पालिका कनिष्ट अभियन्ता खेमराज सिंह, वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार, रामप्रसाद गायरी,नरेगा जेटीए रोहित पंचोली, कंप्यूटर ऑपरेटर राजकुमार खटीक, विशाल सहित आदि मौजूद रहे। एसडीएम सुवालका ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

### आश्रय स्थल व रैन बसेरा का निरीक्षण

**डूंगरपुर**। नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ ने जिला अस्पताल के सामने बने आश्रय स्थल और राजपुर घाटी स्थित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों को पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। सभापति अमृत कलासुआ ने सबसे पहले जिला अस्पताल के सामने सुभाष नगर रोड पर स्थित आश्रय स्थल पर पहुंचे। जहां पर कुछ लोग बिस्तर पर आराम कर रहे थे। सभापति ने वहां पर बाथरूम और स्टोर रुम का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर कार्यरत कर्मचारियों को बाथरुम की संपूर्ण साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। वही बिस्तर पर जमा धूल को साफ करके नई चद्दर बिछाने के निर्देश दिए। कर्मचारियों को यहां पर आने वाले आमजन और राहगीर को निरूशुल्क आश्रय देने के निर्देश दिए। वही कर्मचारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी नशा का सामान लेकर प्रवेश नहीं दिया जाए। इसके बाद सभापति राजपुर स्थित रैन बसेरा भवन में पहुंचे। वहां पर साफ-सफाई के निर्देश दिए। वही वहां पर आराम कर रहे लोगों से नाम, पता पूछा गया। जिसे सभापति ने रजिस्टर से मिलान किया। उन्होंने कर्मचारी से बाथरूम की साफ.सफाई के साथ हॉल में भी नियमित कचरा पोछा लगाने के निर्देश दिए। वही ज्यादा ठंड बढने पर रैन बसेरा में आने वाले लोगों को दो से तीन कंबल देने के निर्देश दिए। वहीं अलाव तापने के लिए लडकी उपलब्ध करवाई। रोज यहां के लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था करने के लिए कहा। इसके अलावा शुद्ध पेयजल के कैम्पर रखने के भी निर्देश दिए। वही सभापति ने नगर परिषद कर्मचारी को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में पत्र लिखकर रैन बसेरा में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य जांच कराने की बात कही। इसके साथ ही अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के आश्रय के लिए अस्पताल के पास बने भवन का उपयोग करने के लिए पत्र लिखने के निर्देश दिए।

### 'पेडल टू जंगल 9 जनवरी से

**उदयपुर**, (कासं)। दक्षिण राजस्थान में वन संरक्षण व अंगदान के प्रति जागरूकता के संदेश को देने के उद्देश्य से ग्रीन पीपल सोसायटी, उदयपुर द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित 'पेडल टू जंगल नवां संस्करण' साइक्लिंग अभियान का शुभारंभ 9 जनवरी को फतेहसागर झील, उदयपुर से होगा। इस अवसर पर सुबह 8 बजे उद्घाटन समारोह एवं साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह अभियान 9 से 11 जनवरी तक उदयपुर ,कुंभलगढ राजसमंद,पाली तथा आसपास के वन क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष एवं भारतीय वन सेवा के पूर्व मुख्य वन संरक्षक राहुल भटनागर ने बताया कि वन विभाग के सहयोग से आयोजित यह अभियान वन संरक्षण के साथ-साथ अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण और जीवनदान-ये दोनों ही समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। 'पेडल टू जंगल' के माध्यम से हम लोगों को जंगलों की रक्षा और अंगदान जैसे मानवीय विषयों से जोडना चाहते हैं। भटनागर ने बताया कि यह ग्रीन पीपल सोसायटी द्वारा अंगदान को समर्पित तीसरा साइकिलिंग अभियान है, जिसे विश्व वन्यजीव निधि, भारत का भी समर्थन प्राप्त है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम, संवाद एवं सहभागिता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। उन्होंने अंगदान समूह के सदस्यों एवं आम नागरिकों से उद्घाटन समारोह, रैली को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम तथा अन्य औपचारिक आयोजनों में उपस्थित होकर संदेश को मजबूती देने का आ ान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम में सहभागिता के लिए साइकिल चलाना आवश्यक नहीं है-केवल उपस्थित होकर वन संरक्षण और अंगदान के पक्ष में समर्थन दर्ज कराना ही पर्याप्त है। अभियान से जुडी सहभागिता एवं समन्वय के लिए इच्छुक व्यक्ति राहुल भटनागर (मोबाइल 9414156229) से संपर्क कर सकते हैं।

### टक्कर में एक बाइक सवार की मौत

**डूंगरपुर**। जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के पुनाली घाटा में 2 बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान पालथुर निवासी नानुराम ननोमा के रूप में हुई है। उनके बेटे छगनलाल ने दोवडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दोवडा थाने के एएसआई ने बताया कि नानुराम ननोमा कहारी डोलवर से अपनी बाइक से पालथुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पुनाली घाटा में सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में नानुराम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत1०8 एम्बुलेंस से डूंगरपुर जिला अस्पताल ले जाया गयाए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### भामाखेडा में रक्तदान शिविर 8 को

**राजसमंद**। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भामा खेडा पर 8 जनवरी को प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। समन्वयक कमल शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर के पोस्टर विमोचन मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने किया शिविर की तैयारी में मानद सचिव बृजलाल कुमावत, संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, रमेश सिंह चारण, गोपाल लाल सरगरा, कमल शर्मा, सुरेश भाट, हर्षवर्धन सिंह भाटी, प्रहलाद राय मूंदडा आदि जुटे हुए हैं। बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन संरक्षक एवं पूर्व विधायक बंशीलाल गहलोत एवं चेयरमेन कुलदीप शर्मा के जन्म दिन पर ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदाताओं को मोटिवेट के साथ जागरूकता लाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। शिविर में कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष से 60 वर्ष तक है जिनका हीमोग्लोबिन 12.50 ग्राम प्रतिशत है एवं वजन 45 किलोग्राम से अधिक रक्तदान कर सकता है।

### बाइक हेलमेट रैली का आयोजन

**राजसमंद**। सडक सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत 31 जनवरी तक चल रहे जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार 6 जनवरी 2०26 को परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में बाइक हेलमेट रैली का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में किया गया।रैली का शुभारंभ जिला कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुई। रैली के माध्यम से दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता तथा सडक सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया गया। जिला परिवहन अधिकारी राघव शर्मा, परिवहन निरीक्षक अनिता पंवार, परिवहन उपनिरीक्षक नवीन जैन, यातायात पुलिस प्रभारी कैलाश पालीवाल एवं मुकेश फ ौजदार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। रैली में यातायात पुलिस, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, डीलर प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। रैली के दौरान आमजन से अपील की गई कि वे स्वयं की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें तथा दुपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें।

### संगोष्ठी के लिये ब्रोशर का विमोचन

**बांसवाड़ा**, (निसं)। गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग एवं मानविकी संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी भारतीय संस्कृत ज्ञान परंपरा का वैश्विक प्रभाव अतीत, वर्तमान एवं भविष्य के ब्रोशर का विमोचन कुलगुरु प्रो केशव सिंह ठाकुर ने किया। विमोचन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव कश्मी कौर, वित्त नियंत्रक हितेश गोड, उप कुलसचिव प्रो. राजेश जोशी, शैक्षिक सलाहकार डॉ. महिपाल सिंह, अकादमिक प्रभारी प्रो. शफकत राणा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रमोद वैष्णव, निदेशक शोध प्रो. नरेन्द्र पानेरी, सम्बद्धता प्रभारी डॉ. राकेश डामोर, सहायक कुलसचिव डॉ. लोकेन्द्र कुमार, प्राचार्य (अभियांत्रिकी) डॉ. अर्पित पाठक सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीएमएचओ ने परतापुर उपजिला अस्पताल का निरीक्षण किया

**बांसवाड़ा**, (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ और डिप्टी सीएमएचओ डॉ. राहुल डिंडोर ने परतापुर उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। एक दिन पूर्व ही जिले में हुई दिशा बैठक में गढ़ी विधायक ने बैठक में उपस्थित डिप्टी सीएमएचओ डॉ. डिंडोर को परतापुर में ओपीडी पश्चात एवं रात्रिकालीन में जाने वाले मरीजों की परेशानी की बात कहीं

- मां योजना में पंजीकरण करने के दिए निर्देश, परतापुर में सोनोग्राफी शुरू होगी



बांसवाड़ा के परतापुर उप जिला अस्पताल का निरीक्षण कर बैठक लेते सीएमएचओ डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ और डिप्टी सीएमएचओ डॉ. राहुल डिंडोर।

थी। इस पर मंगलवार को सीएमएचओ डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ स्वयं परतापुर पहुंचे। यहां पर उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ की बैठक ली और अस्पताल का निरीक्षण किया।

डॉ. राठौड़ ने निर्देश दिए कि इवनिंग और रात्रिकालीन में रहने वाले स्टाफ अनिवार्य रूप से ड्रेस कोड में रहेंगे। उन्होंने पेशेंट के साथ अच्छे व्यवहार की नसीहत भी दी। साथ ही कहा कि ओपीडी समय में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और ओपीडी के दौरान पूरे समय चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए।

यहां रिकॉर्ड जांच करने पर पाया कि पिछले माह ही लगभग 600 मरीजों की आईपीडी थी। लेकिन मां योजना में इलाज 10 फीसदी का ही हुआ। यह आईपीडी की तुलना में काफी कम था। इस पर उन्होंने मरीज के परिजनों से डॉक्यूमेंट मंगवाकर अधिक से अधिक आईपीडी केस को मां योजना में पंजीकरण करने के निर्देश भी दिए। परतापुर में सोनोठााफी के लिए चिकित्सा विभाग ने प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। अब यहां पर सोनोठााफी सुविधा इसी सप्ताह से शुरू हो सकती है। इसके लिए डॉ सलोनी चरपोटा को नियुक्त किया गया है। इस दौरान परतापुर बीसीएमओ डॉ दीपिका रोत, परतापुर उप जिला अस्पताल इंचार्ज डॉ अजयपाल सिंह मौजूद रहे।

### हाईवे पर निर्माणाधीन पुलिया से ब्लॉक गिरा

**भीम**। कस्बे से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया में हाइवे कर्मचारियों की घोर लापरवाही सामने आई है जो किसी की जान ले लेती। चालू रोड पर अचानक से ट्रक चौराहा के पास एक साइड सीमेंटेड ब्लॉक नीचे गिरा। किसी की जान बच गई , वरना हादसा हो सकता था।

निर्माणाधीन हाइवे पर अचानक से सीमेंटेड साइड ब्लॉक गिरने से बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन गनीमत है कि किसी की जान नहीं गई। यह हाइवे कर्मचारियों की घोर लापरवाही का नतीजा है। उन्हें इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए और अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। भीम में तो बड़ा हादसा होते-होते बच गया।हाइवे कर्मचारियों की लापरवाही से ट्रक का साइड ब्लॉक रोड पर गिर गया, और गनीमत है कि किसी की जान नहीं गई। अब प्रशासन को इस मामले में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आगे से ऐसी घटनाएं न हों।यह तो बहुत ही चिंताजनक बात है।भीम में हाइवे कर्मचारियों की लापरवाही से सीमेंटेड साइड ब्लॉक रोड पर गिर गया। और गनीमत है कि किसी की जान नहीं गई।

# गीतांजली में लंग कैंसर व टीबी मामलों का सफल निदान

**उदयपुर**, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा तकनीक एंडोब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड ब्रोंकोस्कोपी (इबीयूएस) के माध्यम से कई जटिल मामलों में लंग कैंसर और फेफडों की टीबी का सफलतापूर्वक निदान किया गया है। यह उन्नत तकनीक उन रोगियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है, जिनमें सामान्य ब्रोंकोस्कोपी के जरिए बीमारी का पता नहीं चल पा रहा था।



लंग कैंसर और लंग टी.बी का सफल डायग्नोसिस करते डाक्टर्स।

चिकित्सकों ने बताया कि सामान्य ब्रोंकोस्कोपी केवल श्वास नली के भीतर की स्थिति को दर्शाती है, जबकि कई बार लंग कैंसर, टीबी अथवा लिम्फ नोड्स से संबंधित बीमारियाँ एयरवे के बाहर छिपी रहती हैं। ऐसे में सामान्य जांच असफल हो जाती है, लेकिन तकनीक में ब्रोंकोस्कोप के सिरे पर लगे अल्ट्रासाउंड की सहायता से एयरवे के बाहर स्थित लिम्फ नोड्स और घावों को भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जिससे बीमारी का सटीक और समय पर निदान संभव हो पाता है। गीतांजली हॉस्पिटल में कई ऐसे मरीज सामने आए, जिनमें सामान्य ब्रोंकोस्कोपी से लंग कैंसर की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन इबीयूएस जांच के बाद बीमारी सही स्टेज पर पकड में आई। इसके परिणामस्वरूप तुरंत उपचार शुरू किया गया और वर्तमान में मरीज इलाज के साथ स्थिर स्थिति में बेहतर जीवन जी रहे हैं। इसी तरह दो मरीजों में फेफडों की टीबी साधारण जांचों में सामने नहीं आ रही थी, लेकिन इबीयूएस के माध्यम से लिम्फ नोड्स में छिपी टीबी का पता चला, जिसके बाद दोनों मरीजों का उपचार प्रारंभ किया गया और उनकी सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। चिकित्सकों के अनुसार तकनीक शुरुआती चरण के लंग कैंसर, ट्यूबरकुलोसिस, सारकॉइडोसिस, लिम्फोमा सहित कई जटिल फेफडों और श्वसन तंत्र की बीमारियों के निदान में अत्यंत प्रभावी है।

इसके साथ ही यह लंग कैंसर की स्टेजिंग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे यह स्पष्ट हो पाता है कि बीमारी कितनी फैली है और किस प्रकार का उपचार सबसे उपयुक्त रहेगा।

# समारोह स्थल का जायजा लिया

**उदयपुर**, (कासं)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार को उदयपुर में रहेंगे। बागडे प्रातः 11.15 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेगे। राज्यपाल एयरपोर्ट से सीधे भूपाल नोबल्स संस्थान के महाराणा प्रताप खेल मैदान पहुंचेगे जहॉ बीएन विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

विशिष्ठ अतिथि पूर्व कुलपति एवं सलाहकार उच्च शिक्षा राज्यपाल राजस्थान प्रो. कैलाश सोडाणी होगे जबकि अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत करेंगे। मंगलवार को शहर के प्रशासनिक अधिकारियों ने समारोह स्थल का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



प्रशासनिक भवन में कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत की अध्यक्षता में तैयारी बैठक का आयोजन किया।

प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह ने बताया कि बागडे के संस्थान परिसर में पहुंचने पर राजस्थानी परम्परा के अनुसार भव्य स्वागत किया जायेगा। समारोह पूर्व बागडे संस्थान परिसर में बनी महाराणा भूपाल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। एनसीसी केडेट्स द्वारा बागडे को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। मंगलवार को अकादमिक प्रोसस का रिहर्सल किया गया।

### बैठक सम्पन्न

**डूंगरपुर**। माधव बस्ती के सर्व हिन्दू समाज का विराट हिन्दू सम्मेलन 18 जनवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन में आयोजित किया जाएगा जिसकी कार्ययोजना के लिए समिति के संरक्षक डी.के.खेडा पूर्व वीएचपी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में उनके निवास पर माधव बस्ती की बैठक आहुत की। बैठक का संचालन समिति के पालक मुकेश श्रीमाल ने करते हुए सम्मेलन की संपूर्ण कार्ययोजना प्रस्तुत की जिसके तहत बताया कि 18 जनवरी की दोपहर 2 बजे प्रताप नगर स्थित माताजी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। धर्म सभा में छोटे-छोटे छात्रों द्वारा धार्मिक और राष्ट्र भक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे तत्पश्चात मुख्य अतिथि पूर्व वीएचपी जिलाध्यक्ष डी.के. खेडा व मुख्य वक्ता द्वारा हिन्दू समाज को संगठित करने बौद्धिक प्रस्तुत करेंगे।

### आवेदन आमंत्रित

**उदयपुर**, (कासं)। पशुपालक सम्मान योजना के तहत प्रदेश की प्रगतिशील महिला पशुपालकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ सुरेश कुमार जैन ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत समिति स्तर से एक प्रगतिशील महिला पशुपालक का चयन किया जाएगा।

# बस सेवा शुरू, ग्राामीणों को मिली सुविधा

**भीम**। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ब्यावर आगार द्वारा भीम से ब्यावर लोकल रोडवेज बस सेवा शुरू होने से ठाामीणों को बहुत सुविधा मिली है। ब्यावर आगार द्वारा जनता एवं जनप्रतिनिधियों की मांग व प्रशासन के निर्देशों की पालना में भीम से ब्यावर रोडवेज बस सेवा संचालित करने को आदेश जारी किए हैं ।

अब ग्रामीण क्षेत्र के लोग आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। रोडवेज प्रशासन ने ब्यावर और भीम के बीच दो बसें शुरू की हैं, जो कुल 6 फेरे लगाएंगी। ये बसें सुबह 8 बजे भीम से रवाना होकर 9:30 बजे ब्यावर पहुंचेंगी और फिर 9:30 बजे ब्यावर से भीम के लिए प्रस्थान करेंगी। भीम से ब्यावर की दूरी लगभग 55 किमी है, और बस यात्रा में लगभग 1 घंटे 30मिनट का समय लगता है। बसों के संचालन में पहली बस: भीम से ब्यावर के लिए 8:00 बजे रवाना होगी। ब्यावर से भीम के लिए 10:30। भीम से ब्यावर 12:30 बजे। ब्यावर से भीम 2:30 बजे प्रस्थान करेगी।

# उदयपुर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**उदयपुर**, (कासं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर के ईटी प्रभाग द्वारा साइबर सेफ्टी जागरूकता के क्रम में एक विशेष वार्ता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड.) के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों को साइबर खतरों की जानकारी देना तथा उनसे बचाव के उपायों से अवगत कराना था।

- सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के गुर सिखाए

ईटी सेल प्रभारी अधिकारी हरिदत्त शर्मा के अनुसार वर्तमान डिजिटल युग में इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिसके साथ ही साइबर अपराधों और खतरों की संभावनाएँ भी बढ़ गई हैं। ऐसे में भावी शिक्षक वर्ग को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता चिराग सैनानी ने छात्राध्यापकों को साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार साइबर अपराधी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड, बैंकिंग विवरण और सोशल मीडिया खातों को निशाना बनाते हैं। सैनानी ने ईमेल स्पैम, फिशिंग, मैलवेयर, हैकिंग और पहचान चोरी जैसे खतरों पर प्रकाश डालते हुए उनसे बचाव के व्यावहारिक उपाय साझा किए। उन्होंने छात्रों को सुरक्षित पासवर्ड बनाने, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण अपनाने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और नियमित रूप से सॉफ़्टवेयर अपडेट करने जैसे सरल लेकिन प्रभावी उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ डाइट प्राचार्य शीला काहाल्या ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है, जहाँ शिक्षा का स्वरूप तेजी से डिजिटल हो रहा है। ऐसे में भावी शिक्षकों को न केवल स्वयं सुरक्षित रहना चाहिए, बल्कि उनमें इतनी क्षमता भी होनी चाहिए कि वे अपने विद्यार्थियों और समाज को साइबर अपराधों से बचा सकें। उन्होंने तकनीक के सकारात्मक उपयोग पर जोर देते हुए साइबर सुरक्षा को आज की अनिवार्य आवश्यकता बताया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य डॉ बृजबाला शर्मा, पीएसटीई प्रभाग से मंजु टांक और गिरीश कुमार चौबीसा, ईटी प्रभाग अध्यक्ष बीना कँवर राजपूत, डॉ. जगदीश कुमावत, गायत्री जोशी, अमृता जोशी, तेजपाल जैन और सुरेन्द्र सिंह शक्तावत, अमिता शर्मा, सत्यप्रिय, अंजलि कोठारी, दीपक सेन, किरण मास्ते भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान छात्राध्यापकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### टक्कर से बाइक चालक की मौत

**उदयपुर**,(कासं)। गोगुन्दा थाना क्षेत्र में गोगुन्दा से बगड़ूंदा रोड़ पर पीकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाईक चालक की मौत हो गई।

# एकलिंगजी शिव महापुराण कथा का समापन

**उदयपुर**, (कासं)। मीरा नगर में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसंत विजयानन्द गिरी महाराज की पावन निश्रा में आयोजित श्री महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन यज्ञ, पूजा साधना महामहोत्सव और भगवान एकलिंगजी शिव पुराण कथा का सोमवार रात्रि समापन हुआ।

समिति के अध्यक्ष नानालाल बया, महामंत्री देवेन्द्र मेहता ने बताया कि कथा में जगद्गुरु वसंत विजयानन्द गिरी महाराज ने कहा कि यदि आप क्षमतावान हैं तो सही दिशा में खर्च करने में कंजूसी न करें। समृद्धि आकर्षित होती ही रहेगी। आमतौर पर समृद्ध लोग भी सोना चांदी जैसी वस्तुएं खरीदने या मॉल में जाते हैं तब तो कोई मोलभाव नहीं करते और जैसे ही किसी गरीब सब्जी, फल, या अन्य सामग्री बेचने वाले के पास जाएंगे तो खूब मोलभाव करेंगे।

महिलाओं की ऐसी आदत ज्यादा है। गरीब से ठगे जाओगे तो ईश्वर खुश ही होगा। गरीब से मोलभाव मत कीजिये। ईश्वर की कृपा खूब बरसेगी। कभी भी कुछ खरीदो तो खुश होकर भुगतान करो। चीजों की कीमत पैसों से नहीं उसके आनंद से होती है। जगद्गुरु देव ने कहा कि अपने आभामण्डल को बेहतर बनाने के लिए सभी को प्राणायाम जरूर करना चहिये। गुरूदेव ने सुंदर जीवन शैली के लिए श्रद्धालुओं को कई टिप्स भी दिए। आपने कहा कि घर का मुख्य दरवाजा कभी खराब या टूटा नहीं होना चाहिए। यह कुलदेवता का स्थान है।

**Name Changed**

After Marriage I Have Changed My Name From Tasneem to Tasneem Serki For All Purposes. In Future be Called and Known by New Name. R/o 27, Moyedpura, Bohrawadi, Near Masjid, Udaipur, Raj.

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)
क्रमांक:F.11( ) /Regin-II/2025/1487
दिनांक: 6.1.2026

**आम -सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सुखेर के खसरा नम्बर 1923/27,25 के अनुमोदित योजना प्लान में स्थित भूखण्ड संख्या 01 क्षेत्रफल 5574 वर्गफीट के नियमन हेतु मधुसुदन प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टर बसन्त काबरा पिता श्री सत्यनारायण काबरा, निवासी-74/75, मॉडर्न कॉम्पलेक्स, पुलां उदयपुर (राज.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत:वर्णित भूखण्ड का पट्टा-विलेख आवेदक मधुसुदन प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर बसन्त काबरा पिता श्री सत्यनारायण काबरा के पक्ष में किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/फर्म इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में इस कार्यालय को प्रस्तुत करावें, अन्यथा इस अवधि उपरान्त पट्टा विलेख आवेदक के पक्ष में जारी किया जावेगा।

(सुरेंन्द्र बी.पाटीदार)
उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण ,उदयपुर

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526
क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/16271 दिनांक : 5/1/2026

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 07 दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पडौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री कमलेश सुखवाल पिता श्री जगदीश चन्द्र निवासी सुखाड़िया नगर, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-21 क्षेत्रफल-2100 वर्गफीट , गणेश नगर आवासीय कॉलोनी , नाथद्वारा | 30 फिट चौडा रास्ता | कृषि भूमि | 30 फिट चौड़ा रास्ता | भूखण्ड संख्या-22 |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द
सं. 16289 दिनांक: 05/01/2026

**लोक-सूचना**

श्री अजय पुत्र श्री राजकुमार, श्री दीपक कुमार पुत्र श्री यशवन्त सिंह एवं पूजा डवलपर्स निवासी नाथद्वारा तहसील -नाथद्वारा जिला-राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | तहसील का नाम जिले सहित | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | भलावतो का खेडा | 526 | रकबा 0.1897 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 5/01/2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

**कार्यालय ग्राम पंचायत पीपलबारा पंचायत समिति फलासिया, जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-ग्रा.पं./2025-26/SPL दिनांक-05/01/2026

**ई-निविदा सूचना - 03/2025-26**

ग्राम पंचायत पीपलबारा में डीएमएफटी योजनान्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN N0- ZUD2526WSLBO3664
UBN N0- ZUD2526WSLBO3666

| प्रशासक | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत पीपलबारा | ग्राम पंचायत पीपलबारा |
| प.स.फलासिया | प.स.फलासिया |
| जि.उदयपुर (राज.) | जि.उदयपुर (राज.) |

**कार्यालय नगर परिषद चित्तौड़गढ**

क्रमांक : श.से.शि./भूमि 69 ए /2025-26/9408-10 दिनांक :- 30.12.2025

**उजरदारी सूचना 13**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न सारणी अनुसार आवेदकों द्वारा नगर परिषद चित्तौडगढ में राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-ए के तहत पट्टा प्राप्त किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया किया है। उपरोक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की उजर/आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में अपनी आपत्ति नगर परिषद कार्यालय में कार्यालय समय एवं कार्यदिवस में मय साक्ष्य/दस्तावेज उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधी पश्चात कोई आपत्ती स्वीकार नहीं की जायेगी एवं तद्नुसार आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी करने की कार्यवाही निष्पादित की जायेगी।

| क0 स0 | नाम आवेदक | आवेदित स्थल | क्षैत्रफल वर्गफिट में |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सत्यनारायण पिता श्री मांगीलाल नामधराणी निवासी उपरला पाडा चित्तौडगढ | उपरला पाडा चित्तौडगढ | 1492.50 |
| 2. | श्री शिवलाल भोई पिता श्री रामलाल भोई निवासी हडमाला कच्ची बस्ती भोई खेडा चित्तौडगढ | हडमाला कच्ची बस्ती भोई खेडा चित्तौडगढ | 3737.25 |
| 3. | श्री रमेश चन्द्र उपाध्याय पिता श्री विष्णुदत्त उपाध्याय एवं श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री रमेश चन्द्र उपाध्याय निवासी सदर बाजार चित्तौडगढ | खाकल देवजी की गली, पुराना पोस्ट ऑफिस के पास, चित्तौडगढ | 2805.83 |
| 4. | श्रीमती निधि शर्मा पुत्री श्री रमेश चन्द्र उपाध्याय निवासी खाकल देवजी की गली, पुराना पोस्ट ऑफिस के पास, चित्तौडगढ | खाकल देवजी की गली, पुराना पोस्ट ऑफिस के पास, चित्तौडगढ | 3814 |
| 5. | श्री भूरसिंह पिता श्री मोहन सिंह राणावत निवासी मधुवन, सेंती चित्तौडगढ | भूखण्ड संख्या 14, मधुवन द्वितीय, सेंती चित्तौडगढ | 1516.23 |
| 6. | श्रीमती पुनम मीणा पत्नी श्री जयसिंह मीणा निवासी चित्तौडगढ | भूखण्ड संख्या 27 का भाग, प्रतापनगर चित्तौडगढ | 800 |

राज.संवाद/सी/25/17225 आयुक्त